--प्रेस नोट--

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 03.01.2025

➢ **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 02.01.2025 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री संजय सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 178/2022 धारा 379/411 भादवि में वांछित अभियुक्त मनव्वर पुत्र रुस्तम निवासी सराय थाना ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखण्ड को मुखबिर की सूचना पर ग्राम कूकड़ी मार्ग से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना नई मण्ड़ी पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना खतौली पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 02.01.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री कर्णवीर सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 512/2024 धारा 191(2)/191(30/190/115(2)/103(2) बीएएस व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त रमेशपाल पुत्र सीताराम निवासी ग्राम पलड़ी थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को ग्राम याहियापुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना खालापार पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 03.01.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री गणेश कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा 01 शातिर अभियुक्त आसिफ पुत्र शमशाद निवासी जैनबिया स्कूल के पास खालापार, थाना खालापार, मुजफ्फरनगर को नई आबादी किदवईनगर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 03/2025 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा 02 अभियुक्ता सहित 03 गौकश अभियुक्तगण गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 03.01.2025 को प्रभारी निरीक्षक बुढाना श्री आनन्द देव मिश्रा मय हमराहीगण द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्ता सहित 03 गौकश अभियुक्तगण 1- साजिद कुरैशी पुत्र युसुफ निवासी ग्राम फौलाद नगर थाना दोघट, बागपत 2- रूखसार पत्नि शाहरूख उर्फ भूरा निवासी ग्राम नंगला थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर हाल निवासी नई बस्ती कस्बा व थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर 3- शाहीना पत्नी फिरोज कुरैशी निवासी ग्राम नंगला थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर को कस्बा बुढ़ाना नई बस्ती स्थित अभियुक्त के किराये के मसकन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 16 किलो गौमांस, गौकशी के उपकरण (01 कुल्हाड़ी, 02 छुरी, 02 रस्सी के टुकडे, 01 लकडी का गुटका आदि बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ बच्ची की दुष्कर्म कर हत्या के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

- दिनांक 03.01.2025 को प्रभारी निरीक्षक थाना मन्सूरपुर श्री उमेश रोरिया मय हमराहीगण द्वारा बच्ची की दुष्कर्म कर हत्या करने के अभियोग मु0अ0सं0- 02/2025 धारा 137(2)/65(2)/103(1) बीएनएस तथा 5(जे)(4)(एम)/6 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त मानवीर उर्फ इमानविल उर्फ सैमुएल पुत्र आदम निवासी संगमा गांव कटहल गढी थाना समागुड़ी, जनपद नगाँव, असम को दौराने पुलिस मुठभेड़ बेगराजपुर रेलवे फ्लाईओवर के नीचे से ग्राम बेगराजपुर की तरफ कच्चे रास्ते से घायल/गिरफ्तार किया गया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोका कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।